# भारत का विधि आयोग

सत्यमेव जयते

की

# एक सौ तेहरवीं रिपोर्ट

# पुलिस अभिरक्षा में क्षति

**साक्ष्य अधिनियम में धारा 114 ख अन्तःस्थापित**

**करने के लिए**

**सुझाव**

29 जुलाई, 1985

JUSTICE K. K. MATHEW

सत्यमेव जयते

D.O. No. F. 2(4)/85-LC

CHAIRMAN

LAW COMMISSION

GOVERNMENT OF INDIA

New Delhi-110 001.

Dated the 29th July, 1985

My dear Minister,

I am forwarding herewith the One Hundred and Thirteenth Report of the Law Commission on "Injuries in Police Custody—Suggested Section 114B, Evidence Act".

The subject was taken up by the Law Commission on its own. The need for taking up the subject is explained in paras 1.1 and 1.2 of the Report.

The Commission is indebted to Shri P. M. Bakshi, Part-time Member, and Shri S. Ramaiah, Member Secretary, for their valuable assistance in the preparation of the Report.

With regards,

Yours sincerely,

Sd/-

(K. K. MATHEW)

Shri A. K. Sen,

Honourable Minister of Law and Justice,

*New Delhi.*

*Encl* : 113th Report.

## CONTENT


| CHAPTER | PAGE No. |
|---|---|
| 1. Introductory. | 1 |
| 2. The Problem. | 3 |
| 3. The Present Law and the Need for Reform. | 4 |
| 4. Working Paper and Comments Received Thereon. | 5 |
| 5. Recommendation. | 7 |


## APPENDIX


| | |
|---|---|
| APPENDIX : Recommendation in respect of other Acts. | 8 |

# CHAPTER 1

## INTRODUCTORY

1.1. The Indian Evidence Act, 1872 on which a comprehensive report has already been forwarded by the Law Commission,[1] seems to need amendment in the light of certain observations made by the Supreme Court in a recent judgment.[2] The Supreme Court had to deal with a highly shocking incident of torture of a suspect in police custody, who died within almost six hours of his arrest by the police. A trial of the concerned police officer and his superior resulted in conviction for culpable homicide not amounting to murder. In the course of its judgment, the Supreme Court passed strictures about the treatment meted out by the police to the detained suspect and felt constrained to go to the length of suggesting an amendment in the law of evidence, in regard to the burden of proof in such cases. Genesis.

1.2. Taking note of the Supreme Court judgment, the Law Commission of India decided to take up the subject on its own and to examine whether there is need for reform of the law on the subject.

1.3. In order to facilitate a consideration of the subject, the Law Commission had prepared and circulated a Working Paper setting out the present position and the gist of the Supreme Court judgment and discussing the need for amendment. The Commission had invited views from interested persons and bodies and the public on the Working Paper.[3] The Commission is grateful for all those who have, in response to the Working Paper, sent in their comments. A gist of the views expressed in these comments will be given in a later Chapter of this Report[4].

---

[1]Law Commission of India, 69th Report (Indian Evidence Act, 1872).

[2]*State of U.P.* v. *Ram Sagar Yadav* (Criminal Appeal No. 69 of 1975, decided 22nd January, 1985). A.I.R. 1985 S.C. 416 (March-April) : (1985) 1 *Scale* 108.

[3]Law Commission of India, Working Paper on Injuries in Police Custody : Suggested Section 114B Evidence Act (14 June 1985).

[4]Chapter 4, *infra*.

## CHAPTER 2

## THE PROBLEM

*The facts in the Supreme Court case.*

2.1. The facts of the case decided by the Supreme Court which has been mentioned above[1] lie in a very short compass. A farmer from U.P. named Brij Lal had some difference with his neighbour. The neighbour filed a complaint against Brij Lal for the offence of cattle trespass. It appears that the complaint was unfounded and false. The police officer concerned started demanding bribe from Brij Lal for hushing up the matter and persistently repeated his demand. Ultimately, in order to escape the false charge, Brij Lal offered a sum of Rs. 100 to the constable. The constable was not satisfied with this amount and Brij Lal complained to the Superintendent of Police, who forwarded the case for inquiry to the Station House Officer, Hussainganj. Enraged at the boldness of Brij Lal, the Station House Officer, Hussainganj decided to teach Brij Lal a lesson and sent two other constables to bring him to the police station. It was at 10.00 A.M. in the morning that Brij Lal was brought to the police station. By noon, he was in a critical condition and had to be taken in a state of shock to the Additional District Magistrate. Brij Lal could not even walk into the courtroom. The Additional District Magistrate went out into the varandah and found that Brij Lal had 19 injuries on his body. The Additional District Magistrate was able to record the dying declaration of Brij Lal. In the dying declaration, Brij Lal charged the Station House Officer and two police constables with having caused the injuries by beating him up while he was in police custody. Brij Lal died in the evening.

*The prosecution and conviction*

2.2. In due course, the Station House Officer and the two police constables were prosecuted and convicted in the Court of Session of the offence of culpable homicide not amounting to murder and sentenced to imprisonment for seven years. On appeal to the High Court, however, they were both acquitted. Presumably, the High Court did not consider the evidence on record as sufficient to prove the case against them beyond reasonable doubt. Against this judgment of the High Court of Allahabad, the State Government of U.P. appealed to the Supreme Court and it was in this appeal that the Supreme Court had to pass very stringent strictures against the police officers concerned. Allowing the appeal, the Supreme Court observed that it was ironical that a person who had complained against the police of misconduct was done to death by policemen and their superior officer. The Supreme Court also observed that the persons charged in this case had committed the more heinous offence of murder, and not merely the lesser offence of culpable homicide not amounting to murder of which the trial court had convicted them.

*Observations of the Supreme Court*

2.3. The observations made by the Supreme Court in its judgement stress the need for adopting a different approach where an incident involves an allegation against the police. These observations have a direct relevance to the law of evidence. The Supreme Court was anxious that the handmaids of law and order do not use their position for oppressing innocent citizens who look to them for protection. The court noted with regret that police officers, "bound by the ties of a kind of brotherhood", often prefer to remain silent in such a situation, and "when they choose to speak, they often put their own gloss upon the facts and often pervert the truth". The Court emphasised the extremely peculiar character of a situation where a police officer alone, and none else, can give evidence regarding the circumstances in which a person in police custody comes to receive injuries. This situation naturally results in paucity of evidence and probable escape of the guilty persons. It was for this reason that the Supreme Court called for a re-examination of the law of burden of proof. The Supreme Court was anxious that police officers who commit atrocities on persons in the custody of the police do not escape punishment for want of evidence. The following observations occur towards the end of the Supreme Court judgement :—

"Before we close, we would like to impress upon the Government the need to amend the law appropriately so that policemen who commit atrocities on persons who are in their custody are not allowed to escape by reason of

[1]Paragraph 1.1, *supra.*





paucity or absence of evidence. Police officers alone, and non else, can give evidence as regards the circumstances in which a person in their custody comes to receive injuries while in their custody. Bound by the ties of a kind of brotherhood, they often prefer to remain silent in such situation and when they choose to speak, they put their own gloss upon facts and upon the truth. The result is that persons on whom atrocities are perpetrated by the "police in the *sanctum sanctorum* of the police station, are left without any evidence to prove who the offenders are. The law as to the burden of proof in such cases may be re-examined by the legislature so that handmaids of law and order do not use their authority and opportunities for oppressing the innocent citizens who look to them for protection. It is ironical that in the instant case, a person who complained against a policeman, for bribery, was done to death by that policeman, his two companions and his superior officer, the Station House Officer. The vigilant Magistrate, Shri R. C. Nigam, deserves a word of praise for dutifully recording the dying declaration of the victim which has come to constitute the sheet anchor of the case of the prosecution."

*Comment*

2.4. The observations made by the Supreme Court must be read with the facts of the case. The entire incident happened in a short span of a few hours. Nineteen injuries in all were found on the body of the victim Brij Lal. There was a positive history of an illegal and improper demand from the victim. The dying declaration also gave indication of the guilt of the police officers. In these circumstances, the fact that the High Court acquitted the accused must have deeply pained the Supreme Court which, if one may say so with respect, was not slow in taking note of the peculiar situation in which the prosecution finds itself when it desires to get a judgement of conviction against a police officer guilty of atrocities on a person in a custody.

In the very nature of things, one can rarely expect eye witnesses to such incidents, excepting police officers. As regards police officers themselves, their reluctance to give evidence disclosing all the facts was noted by the Supreme Court. The situation is of an unusual character—which is the reason why the Supreme Court thought it proper that the Government should have a second look at that part of the law of evidence which deals with the burden of proof. We proceed to examine the present law and the need for amendment.

## CHAPTER 3

### THE PRESENT LAW AND THE NEED FOR REFORM.

The present law

3.1. In order to facilitate a consideration of the question it is convenient to deal first with the present law. The law relating to burden of proof and connected matters is contained in a few short sections[1] of the Indian Evidence Act, 1872. It is unnecessary to go into detail, but the general principles deductible from these sections is that it is for the prosecution to prove the essential elements of the offence charged and if those essential elements are proved, it is for the accused to prove that the case falls within the general or special exceptions to criminal liability recognised by the criminal law. In certain special situations, this position does undergo modifications. For example, where a particular fact is within the special knowledge of a person, it is for him to prove it. Thus, a person charged with ticketless travel has the burden of proving that he had a ticket with him at the time of travelling. As the law stands at present, however, there is no special provision as to the burden of proof where the injuries were received by a person in police custody.

Question of amendment considered

3.2. The question to be considered is this. Is it desirable to enact a special rule for such a situation? *Prima facie*, there seems to be a need for such a provision in the light of the incidents that are reported from time to time. Some incidents might possibly go unreported also. It may be mentioned that in the context of the law of rape as contained in the Indian Penal Code, Parliament has recently enacted a special provision addressed to the situation of women who are sexually exploited by persons in whose custody or under whose charge they might have been placed for the time being. The provision became necessary in view of reported incidents of abuse of position and transgression of the law by such persons. Incidents of torture during police custody are analogous to the above mentioned situation and amount to abuse of official position, resulting in a transgression of the law. It is, therefore, a matter for serious consideration if there should not be inserted a suitable provision addressed to the problem which the Supreme Court had to deal with.

Need for amendment

3.3. It appears that the best course would be to give power to the court to draw a presumption where bodily injuries (fatal or otherwise) are caused to a person while he is in the custody of the police. The court may be given a discretion to presume that the injuries were caused by the police officer having custody of the person during the relevant period. The vesting of such a power in the court would be justified because, as regards a person in police custody, it is unlikely that any one else would have the opportunity of inflicting injuries. The presumption should, of course, be discretionary and rebuttable so that extraordinary situations can be taken care of. The formula "may presume" would be appropriate for the purpose. At the same time, it may be desirable to furnish to the court some guidelines in administering such a provision as the proposed provsion would be a qualification to the general rule of burden of proof.

---

[1]Sections 101 to 114, Indian Evidence Act, 1872.



## अध्याय 4

### कार्य संचलन-पत्र और उसके बारे में प्राप्त आलोचनाएं

कार्य संचालन पत्र में किया गया प्रस्ताव ।

4.1. जैसा कि पहले कहा गया है[1], आयोग ने इस विषय के बारे में एक कार्य संचालन पत्र इस विषय का ज्ञान रखने वाली जनता की राय जानने के लिए परिचालित किया था । कार्य संचालन पत्र में उस उपबन्ध की मोटे तौर पर रूपरेखा निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत की गई थी जिसे भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में धारा 114ख के रूप में अन्तः स्थापित किया जा सकता है ।

"114ख. (1) किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति कारित किए गए अभिकथित कार्य द्वारा होने वाले अपराध के लिए (पुलिस अधिकारी के) अभियोजन में यदि यह साक्ष्य है कि क्षति उस अवधि के दौरान कारित की गई थी जब वह व्यक्ति पुलिस की अभिरक्षा में था तो न्यायालय यह उपधारणा कर सकता है कि उस पुलिस अधिकारी ने क्षति कारित की थी जिसकी अभिरक्षा में वह व्यक्ति उस अवधि के दौरान था ।

(2) न्यायालय यह विनिश्चय करने में कि उसे उपधारा (1) के अधीन उपधारणा करनी चाहिए या नहीं, सभी सुसंगत परिस्थितियों को ध्यान में रखेगा, जिनके अन्तर्गत विशेषकर हैं; (क) अभिरक्षा की अवधि, (ख) क्षतिग्रस्त व्यक्ति द्वारा कोई ऐसा कथन कि उसे किस तरह से क्षति पहुंची थी और वह कथन ऐसा हो जो साक्ष्य में ग्राह्य हो, (ग) उस चिकित्सा व्यवसायी का साक्ष्य जिसने क्षतिग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया हो, और (घ) किसी ऐसे मजिस्ट्रेट का साक्ष्य जिसने क्षतिग्रस्त व्यक्ति का कथन अभिलिखित किया हो या अभिलिखित करने या प्रयास किया हो ।"

राय भेजने के लिए अनुरोध ।

4.2. भारत के विधि आयोग ने अपने कार्य संचालन पत्र में उपर्युक्त प्रस्ताव के बारे में राय भेजने के लिए अनुरोध किया था । विशेष रूप से इस बात के बारे में सुझाव भेजने का अनुरोध किया गया था कि क्या प्रस्तावित कानूनी उपबन्ध में उन मार्गदर्शक बातों के अतिरिक्त, जिनके लिए कार्य संचालन पत्र में पहले से ही सुझाव दिए गए थे, कोई और मार्गदर्शक बातें बता दी जानी चाहिए ।

आयोग ने उसके बारे में भी सुझाव देने का अनुरोध किया था कि क्या प्रस्तावित उपबन्ध के विस्तार के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष की गई किसी ऐसी विधिक कार्यवाही को भी सम्मिलित करना चाहिए जिसमें उपर्युक्त विचार विमर्श की प्रकृति का प्रश्न विवादग्रस्त हो जिससे कि यह उपबन्ध ऐसी कार्यवाही में भी लागू किया जा सके जो पुलिस अधिकारी के अभियोजन के रूप में न हो ।

आलोचनाओं की साधारण प्रवृत्ति ।

4.3. कार्यसंचालन पत्र के बारे में प्राप्त आलोचनाओं[2] में बिना किसी अपवाद के इस बात से सहमति प्रकट की गई है कि कार्य संचालन पत्र में जैसा सुझाव दिया गया वैसा संशोधन करने की आवश्यकता है । कुछ आलोचनाओं में विधिक या प्रशासनिक प्रकृति की कुछ अन्य बातें बतायी गई हैं जो इस रिपोर्ट के विस्तार के बाहर हैं ।[2.a] किन्तु जहां तक कार्यसंचालन पत्र में बताए गए प्रकृति के विनिर्दिष्ट उपबन्ध का सम्बन्ध है, आलोचनाओं में ऐसे उपबन्ध के पक्ष में सर्वसम्मति प्रकट की गई है ।

---

1. पिछला पैरा 1.3 ।

2. 19 जुलाई 1885 तक प्राप्त सभी आलोचनाओं पर उपर्युक्त विश्लेषण में विचार किया गया है ।

2.a. आगे पैरा 4.6 भी देखिए।

विश्लेषण।

4.4. यह उल्लेख कर देना चाहिए कि आलोचनाएं (सभी आलोचनाएं प्रस्ताव के पक्ष में हैं) निम्नलिखित सरकार और व्यक्तियों से प्राप्त हुई हैं :–

(क) उड़ीसा राज्य सरकार[1],

(ख) तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी,[2] अर्थात् :–

(i) पुलिस महानिरीक्षक (अपराध) पंजाब;

(ii) पुलिस उपमहानिरीक्षक, आपराधिक अन्वेषण विभाग (सी.आई.डी.) मणिपुर; और

(iii) पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक (कर्नाटक)। पुलिस उपमहानिरीक्षक आ. अ. वि. (सी. आई. डी.) मणिपुर ने आयोग को भेजे गए अपने पत्र में यह बात जोड़ दी है कि विभाग का विधिक कक्ष (सेल) ऐसे संशोधन के लिए सरकार से स्वतः अनुरोध करने के प्रश्न पर विचार कर रहा था।

(ग) मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश से एक अधिवक्ता (एडवोकेट)[3],

(घ) सम्पादक, हिन्दी साप्ताहिक समाचार संस्कृति, कानपुर (उ.प्र.)[4],

(ङ) कोलार जिला, कर्नाटक से एक सामाजिक कार्यकर्ता[5],

(च) अनेक प्राइवेट व्यक्ति, जिन्होंने संशोधन के प्रस्ताव का न केवल स्वागत किया है बल्कि पुलिस द्वारा अत्याचार की ऐसी अनेक घटनाओं का वर्णन किया है जो उनकी जानकारी में हैं।[6]

अभियोजन से भिन्न कार्यवाहियां।

4.4. कार्यसंचालन पत्र के बारे में प्राप्त आलोचनाओं में इस प्रश्न के संबंध में कि क्या प्रस्तावित संशोधन पुलिस अधिकारियों के अभियोजन से भिन्न अन्य विधिक कार्यवाहियों को भी लागू होना चाहिए, कोई विनिर्दिष्ट विचार व्यक्त नहीं किए गए सिवाय उड़ीसा राज्य सरकार के जो संशोधन के प्रस्ताव के ऐसे विस्तार के पक्ष में नहीं हैं।[7]

किन अन्य मार्गदर्शक बातों की आवश्यकता है?

4.5. कार्य संचालन पत्र के बारे में प्राप्त आलोचनाओं में इस प्रश्न के संबंध में भी कोई विचार प्रकट नहीं किया गया है कि क्या प्रस्तावित कानूनी उपबंध में ऐसे सिद्धांतों के बारे में, जिनके आधार पर न्यायालय को विचाराधीन प्रकृति की उपधारणा करने के लिए (आयोग के कार्य संचालन पत्र में पहले से ही सुझाई गई मार्गदर्शक बातों के अतिरिक्त) अन्य मार्गदर्शक बातें सम्मिलित की जानी चाहिए।

अतिरिक्त सुझावों की जांच।

4.6. कार्यसंचालन पत्र के बारे में प्राप्त कुछ आलोचनाओं में एक सुझाव यह दिया गया है कि प्रत्येक अभियुक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी पर उसकी चिकित्सीय परीक्षा कराई जानी चाहिए और यदि उसके शरीर पर कोई क्षति है तो उसे नोट किया जाना चाहिए। कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक ने इस बात की विशेष रूप से व्याख्या की है। उसने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 53 और धारा 54 के प्रति निर्देश करते हुए यह सुझाव दिया है कि प्रत्येक मामले में जब पुलिस द्वारा कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया जाता है तब पुलिस को उसके शरीर पर क्षतियों की चिकित्सीय परीक्षा अवश्य करानी चाहिए।[8] उसने आगे यह बात भी कही है कि प्रस्तावित उपबंध वहां भी लागू होना चाहिए जहां "अभिरक्षा" अवैध है और पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए या अपने भारसाधन में लिए गए प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार अवश्य होना चाहिए कि वह पुलिस द्वारा अपनी चिकित्सीय परीक्षा कराए और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 53 का इस प्रयोजन के लिए संशोधन किया जाना चाहिए।

हम इस बात की चर्चा बाद में करेंगे।[9]

---

1. विधि आयोग की फाइल सं. एफ. 2(4) 85 एल. सी. क्रम सं. 51 12 जुलाई, 1985 का पत्र।
2. विधि आयोग की फाइल सं. एफ. 2(4) 85 एल. सी. क्रम सं. 38 और क्रम सं. 40 तथा क्रम सं. 55 तारीख 24-6-85 का पत्र।
3. विधि आयोग की फाइल सं. एफ. 2(4) 85-एल. सी. क्रम सं. 36।
4. विधि आयोग की फाइल सं. एफ. 2(4) 85-एल. सी. क्रम. सं. 49।
5. विधि आयोग की फाइल सं. एफ. 2(4) 85-एल. सी. क्रम सं. 54, तारीख 11-7-1985 का कन्नड में पत्र।
6. विधि आयोग की फाइल सं. 2(4) 85-एल. सी. क्रम सं. 33, 37, 39, 41, 42।
7. विधि आयोग की फाइल सं. 2(4) 85-एल. सी. क्रम सं. 51, तारीख 12 जुलाई, 1985 का पत्र (उडीसा राज्य सरकार)।
8. विधि आयोग की फाइल सं. एफ 2(4) एल. सी. क्रम सं. 55 पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक का पत्र तारीख 24 जून 1985।
9. अगला पैरा 5.4।

## अध्याय 5

## सिफारिश

संशोधन की आवश्यकता।

5.1. विधि आयोग ने इस विषय के सभी पहलुओं पर विचार करके और कार्यसंचालन पत्र के बारे में प्राप्त आलोचनाओं को ध्यान में रखकर यह निष्कर्ष निकाला है कि साक्ष्य अधिनियम का संशोधन करने और उसमें प्रस्तावित धारा को अंतःस्थापित करने की आवश्यकता है। आयोग को इस बात की जानकारी है कि ऐसी विशेष परिस्थितियां भी हो सकती हैं जिनमें उस पुलिस अधिकारी के विरुद्ध ऐसी उपधारणा करना न्यायोचित नहीं हो सकता है जिसकी अभिरक्षा में किसी व्यक्ति को क्षतियां कारित किए जाने के बारे में पता चलता है। किन्तु न्यायालय अपने विवेकाधिकार का न प्रयोग करते हुए भी ऐसी स्थिति का निपटारा कर सकता है। संशोधन के समर्थन में जो कारण पहले बताए गए हैं[1] वे पर्याप्त हैं इसके साथ यह भी कहा जा सकता है कि प्रस्तावित संशोधन को न केवल जनता से ही समर्थन प्राप्त हुआ है बल्कि कुछ पुलिस अधिकारियों से भी समर्थन प्राप्त हुआ है।[2]

सिफारिश।

5.2. विधि आयोग ऐसी परिस्थितियों में एक नई धारा, अर्थात् धारा 114ख को भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में निम्नलिखित रूप में अंतःस्थापित करने की सिफारिश करता है :–

"114ख. (1) किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति कारित किए जाने के अभिकथित कार्य द्वारा होने वाले अपराध के लिए (किसी पुलिस अधिकारी के) अभियोजन में यदि यह साक्ष्य है कि क्षति उस अवधि के दौरान कारित की गई थी जब वह व्यक्ति पुलिस अभिरक्षा में था तो न्यायालय यह उपधारणा कर सकता है कि वह क्षति उस पुलिस अधिकारी द्वारा कारित की गई थी जिसकी अभिरक्षा में वह व्यक्ति उस अवधि के दौरान था।

(2) न्यायालय यह विनिश्चय करने में कि उसे उपधारा (1) के अधीन उपधारणा करनी चाहिए या नहीं ऐसी सभी सुसंगत परिस्थितियों को ध्यान में रखेगा जिनके अंतर्गत जो विशिष्ट परिस्थितियां हैं वे ये हैं—(क) अभिरक्षा की अवधि (ख) क्षतिग्रस्त व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा कोई कथन जो इस बारे में हो कि क्षति कैसे हुई और वह कथन साक्ष्य में ग्राह्य हो (ग) किसी ऐसे चिकित्सा व्यवसायी का साक्ष्य जिसने क्षतिग्रस्त व्यक्ति की परीक्षा की हो और (घ) ऐसे किसी मजिस्ट्रेट का साक्ष्य जिसने क्षतिग्रस्त व्यक्ति का कथन अभिलिखित किया हो।"

अभिरक्षा का अर्थ।

5.3. ऊपर सुझाव दिए गए उपबंध में "अभिरक्षा" शब्द का जिस रूप में प्रयोग किया गया है उसके अंतर्गत, हमारे विचार से, ऐसी अभिरक्षा भी है जो वैध और अवैध गिरफ्तारी के बाद भी होती है। हमारे विचार में ऐसे प्रयोजन के लिए इस शब्द की परिभाषा देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की चिकित्सीय परीक्षा।

5.4. हमने इस तथ्य को ध्यान में रखा है कि कार्य संचालन पत्र के बारे में प्राप्त कुछ आलोचनाओं में[3] गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस द्वारा भारसाधन या अभिरक्षा में लेने के तुरंत बाद ही उसकी चिकित्सीय परीक्षा की जाने का प्रश्न उठाया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह बात विचार करने योग्य है। किन्तु इस बात के अनेक पहलू हैं इसलिए यदि दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के पुनरीक्षण के समय इस पर विचार किया जाए तो सुविधाजनक होगा। यदि यह समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है या इस पर विचार किया जाना अत्यावश्यक हो जाता है तो निःसंदेह इस पर अलग से विचार किया जा सकता है।

---

1. पिछला अध्याय 3।
2. पिछला अध्याय 4 देखिए।
3. पिछला पैरा 4.6।

## परिशिष्ट

### अन्य अधिनियमों के बारे में सिफारिश

दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 53 और धारा 54 की जांच (अभियुक्त की चिकित्सीय परीक्षा से संबंधित धाराएं) यह विचार करने के लिए की जानी चाहिए कि क्या यह उपबंध किया जाना चाहिए कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए या भारसाधन में लिए गए प्रत्येक व्यक्ति की गिरफ्तारी पर उसकी चिकित्सीय परीक्षा अवश्य कराई जाए।[1]

---

(के. के. मैथ्यू)
अध्यक्ष

(जे.पी. चतुर्वेदी)
सदस्य

(डा. एम. बी. राव)
सदस्य

(पी. एम. बक्शी)
अंशकालिक सदस्य

(वेपा. पी. सारथी)
अंशकालिक सदस्य

(एस. रामय्या)
सदस्य-सचिव

तारीख 29 जुलाई, 1985

1. रिपोर्ट में पैरा 5.4।

85-M/B(D)454MofLJ&CA—310—16-6-86—GIPS.